हाईएस्ट पैकेज 67.60 लाख, पिछले साल की तुलना में 60 फीसदी ज्यादा

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

आईआईएम रायपुर ने 2022-23 सेशन की प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है। इस साल की तरह इस बार भी प्लेसमेंट 100% रहा। प्लेसमेंट में एवरेज सीटीसी 21.04 लाख प्रति वर्ष रही, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 19 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। कुल 107 कंपनियों ने प्लेसमेंट कैंप में शामिल हुईं, जिसमें से 32 कंपनियां पहली बार प्लेसमेंट में आई थीं। इस वर्ष हाईएस्ट पैकेज 67.60 लाख रुपए रहा, जो एनालिटिक्स एंड कंसल्टिंग डिपार्टमेंट से आया है। यह पिछले साल से 60 परसेंट ज्यादा है। प्लेसमेंट में इस साल 255 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड हुए थे, जिसमें सभी को जॉब ऑफर हुआ है। आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. रामकुमार ककनी ने कहा कि इस साल का प्लेसमेंट काफी बेहतर रहा। यह स्टूडेंट्स की कड़ी मेहनत और हमारी शिक्षा गुणवत्ता का प्रमाण है।

सबसे ज्यादा जॉब बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस सेक्टर में: प्लेसमेंट कैंप में सबसे ज्यादा 32 प्रतिशत जॉब बैंकिंग, फाइनेंस एंड इंश्योरेंस सेक्टर में मिला है। इसके बाद आईटी एंड आईटीईएस दूसरा सबसे ज्यादा भर्ती करने वाला सेक्टर रहा। स्ट्रेटजी एंड कंसल्टिंग में 14 फीसदी, एफएमसीजी एंड एफएमसीडी में 12%, मेन्यूफेक्चरिंग में 12% और अन्य में 7 फीसदी भर्तियां हुई। इसके अलावा डोमेन एंड फंक्शन में सबसे ज्यादा एनालिटिक्स एंड कंसल्टिंग में 29% जॉब ऑफर हुआ है। इसके बाद सेल्स एंड मार्केटिंग में 28%, ऑपरेशन्स एंड आईटी में 20%, फाइनेंशियल मैनेजमेंट में 12%, जनरल मैनेजमेंट में 11 फीसदी जॉब ऑफर हुए हैं।



सेक्टर	एवरेज पैकेज	हाईएस्ट पैकेज
बीएफएसआई	21.02 लाख	32.50 लाख
आईटी एंड आईटीईएस	21.29 लाख	43.43 लाख
स्ट्रेटजी एंड कंसल्टिंग	19.64 लाख	32.21 लाख
एफएमसीजी एंड एफएमसीडी	21.78 लाख	67.60 लाख
मैन्युफैक्चरिंग	22.39 लाख	62.00 लाख
डोमेन और फंक्शन	**एवरेज पैकेज**	**हाईएस्ट पैकेज**
एनालिटिक्स एंड कंसल्टिंग	20.98 लाख	67.60 लाख
सेल्स एंड मार्केटिंग	19.09 लाख	32.21 लाख
ऑपरेशंस एंड आईटी	23 लाख	43.43 लाख
फाइनेंशियल मैनेजमेंट	20.87 लाख	32.50 लाख
जनरल मैनेजमेंट	22.94 लाख	62 लाख

Dainik Bhaskar , 2nd Apr 2023 , P.04